हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 बिना सूचना के की गई खुदाई से भूमिगत गैस पाइपलाइनों से हादसे की आशंका

12 जिले में तीन मई को 11 परीक्षा केंद्रों पर 3788 परीक्षार्थी देंगे नीट की परीक्षा





## खबर संक्षेप

### यादव सभा का हेल्थ चेकअप कैंप व मासिक बैठक कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 26 अप्रैल को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग और चर्म रोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सेवाएं दी जाएगी। प्रवक्ता ने बताया मेडिकल कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक मुख्य संरक्षक महंत लालदास महाराज के सानिध्य व प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में महीने का आय-व्यय व विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।

### गोठड़ा अहीर में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 27 को

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से सोमवार 27 अप्रैल को गांव गोठड़ा अहीर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में अनेक विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुबपुर के पांचावाला मोहल्ला निवासी बलजीत अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। उसके पास भारी मात्रा में शराब मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रेड करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से देशी शराब की 9 व बीयर की दो पेटियां बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद दर्ज किए गए मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने हरिनगर के पास 15 फरवरी को हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में झज्जर निवासी रत्नेश को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के बाद 5 अप्रैल को केस दर्ज किया था। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट का आरोपी जांच में शामिल

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को जांच में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 29 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे।

*कांग्रेस का वोट विभाजित होने के आसार, शहर में पूर्व चेयरमैन का अच्छा दबदबा*

# कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ीं, ‘बागी’ भांडोरिया ने किया नामांकन, कैप्टन ने उठाया निष्ठा पर सवाल

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

आम कार्यकर्ता को साइड लाइन करते हुए शहरी जिलाध्यक्ष की पत्नी को नगर परिषद चेयरमैन की टिकट देना कांग्रेस के लिए एक बार फिर घाटे का सौदा साबित हो सकता है। पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन शकुंतला भांडोरिया ने ‘बगावत’ की राह पर कदम आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप नामांकन दाखिल कर दिया। इससे कांग्रेस प्रत्याशी को बड़ा नुकसान होने की पूरी आशंका नजर आने लगी है। कांग्रेस एक खेमा टिकट की घोषणा के बाद से ही ‘असंतुष्ट’ नजर आ रहा है। वर्ष 2020 के नगर परिषद चुनावों में भी कांग्रेस में खुलकर भीतरघात हुआ था, जिसके चलते पार्टी प्रत्याशी को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस की बजाय निर्दलीय प्रत्याशी ने कड़ी टक्कर दी थी। इस बार पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीन चौधरी की पत्नी नेहारिका को टिकट दिलाने में कामयाब रहे। दावेदारों की संख्या कम होने के बावजूद टिकट का निर्णय लेने में पार्टी के शीर्ष नेताओं को काफी माथापच्ची करनी पड़ी थी। पार्टी का एक खेमा शकुंतला भांडोरिया के लिए टिकट की मांग कर रहा था, तो रेखा दहिया को टिकट दिलाने के लिए एक पूर्व मंत्री ने पैरवी की थी। शकुंतला भांडोरिया का दावा है कि उन्होंने टिकट के लिए ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी को आवेदन भेजा था, परंतु टिकट के पैनल में उसका नाम तक नहीं भेजा गया। पैनल में नेहारिका का नाम ही रखा गया था, जिसे दूसरे कार्यकर्ताओं की अनदेखी करते हुए टिकट थमा दी गई। नामांकन के बाद शकुंतला भगवाड़िया ने दावा किया कि कांग्रेस के तीन-चौथाई कार्यकर्ता टिकट कटने के बाद उनके साथ आए गए हैं। अगर उनके दावे में आधा दम भी नजर आया, तो वह पार्टी प्रत्याशी को बड़ा झटका देने में कामयाब हो सकती हैं।


रेवाड़ी। नामांकन दाखिल करते हुए विनीता पीपल। फोटो : हरिभूमि

### निष्ठा न होने से कटी थी टिकट

एक ओर भांडोरिया जहां खुद को लंबे समय तक कैप्टन अजय के परिवार का हिस्सा बना रहने के दावे कर रही हैं, तो दूसरी ओर पूर्व मंत्री ने उनकी निष्ठा पर ही सवाल उठा दिए हैं। नेहारिका के नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने भांडोरिया को वर्ष 2012 में नगर परिषद की चेयरमैन बनवाया था। बाद में वह पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास और भाजपा के साथ जुड़ गईं। वह कांग्रेस के प्रति निष्ठावान नहीं थीं, जिस कारण उन्हें टिकट नहीं दी गई। कैप्टन के इस बयान से भांडोरिया खेमे को भी झटका लगा है, जिससे पार्टी में अंतर्कलह बढ़ने की पूरी आशंका है।




रेवाड़ी। नामांकन दाखिल करते हुए नेहारिका। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा में एकजुटता के प्रयास तेज

*कांग्रेस में जहां टिकट फाइनल होने के बाद ही बगावत के सुर बुलंद होने शुरू हो गए थे, वहीं भाजपा में विनीता पीपल की टिकट फाइनल होने के बाद बगावत जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। पीपल ने चुनाव प्रभारी गौरव गौतम, जिला प्रभारी नसीम अहमद, जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली व वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर की मौजूदगी में नामांकन दाखिल दिया। टिकट की प्रबल दावेदार डा. हर्षा निंबल के पति कमल निंबल भी इस दौरान मौजूद रहे, जिससे यह साफ हो गया कि भाजपा इस चुनाव को पूरी तरह एकजुट होकर जीतने की रणनीति पर कार्य कर रही है।*

### नाम वापसी के बाद 28 को बिछेगी बिसात



प्रमुख निर्दलीय प्रत्याशियों में अभी तक शकुंतला भांडोरिया व इनलो नेता जसवंत डहीनवाल की पत्नी डा. मीनू डहीनवाल के नाम सामने आए हैं। शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन है। इसके बाद प्रमुख दलों में ‘बगावत’ की तस्वीर खुलकर सामने आ जाएगी। नगर परिषद चुनाव की असली बिसात 28 अप्रैल को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही बिछेगी। इसके बाद शहर में नगर परिषद चुनाव के लिए प्रचार अभियान गति पकड़ना शुरू कर देगा।

# हाईवे की ग्रिल तोड़कर कैंटर से टकराया ट्रक, कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल


रेवाड़ी। हाइवे पर क्षतिग्रस्त कैंटर व ट्रक। फोटो : हरिभूमि

■ एक अन्य वाहन को भी ट्रक ने मारी टक्कर, करीब एक घंटे तक यातायात रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार सुबह जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा एक ट्रक आसलवास के पास अनियंत्रित होने के बाद डिवाडर कूदकर हाइवे की दूसरी साइड में चला गया। ट्रक दिल्ली की ओर से आ रही कैंटर को टक्कर मारने के बाद एक अन्य वाहन से भी टकरा गया। कैंटर चालक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। लगभग एक घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। बाद में पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। चालक हादसे के बाद ट्रक से कूदकर फरार हो गया। दिल्ली की ओर जा रहा एक ट्रक आसलवास के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो गया। ट्रक हाइवे की ग्रिल तोड़ते हुए डिवाडर से हाइवे के दूसर हिस्से में कूद गया। दिल्ली से जयपुर जा रही एक कैंटर को ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। इसी दौरान एक अन्य वाहन से भी ट्रक टकरा गया। हादसे के बाद आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। कैंटर में फंसे चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हाइवे पर तीन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले लेन पर यातायात बाधित हो गया। वाहनों की लंबी लाइनें लग गइं। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हाइवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। लगभग एक घंटे तक वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### एक्सीडेंट के मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**कोसली।** कोसली थाना पुलिस ने अदालत की ओर से उद्घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला इटावा के गांव नंगला अजब निवासी गुलाब सिंह के रूप में हुई है। आरोपी वर्ष 2022 के थाना कोसली में दर्ज एक्सीडेंट के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी गुलाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड पर चला पीला पंजा, अवैध निर्माण किए जमींदोज

■ पुलिस की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई को कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने शुक्रवार को बावल क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट पर बने हुए अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई को कोई विरोध नहीं हुआ।

डीटीपी की ओर से अवैध निर्माणों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ रेवाड़ी से शाहजहांपुर रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का किसी ने विरोध नहीं किया।

### प्लाट खरीदने से पहले वैधता की जांच करें: सिहाग


रेवाड़ी। बावल क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

डीटीपी मंदीप सिहाग आमजन से आग्रह करते हुए कहा कि राजस्व सीमा में कोई भी अवैध निर्माण न करें तथा प्लाट खरीदने से पहले कार्यालय से उस कॉलोनी की वैधता बारे जांच कर लें ताकि विभागीय कार्यवाही एवं आर्थिक नुकसान से बचाव हो सकें। किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले अनुमति जरूर लें। अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलर आमजन को झूठे सब्जबाग दिखाकर खाली भूमि पर प्लाट बेच देते हैं। इसके बाद लोगों को जब पता चलता है, जब उस स्थल पर अवैध निर्माण तोड़फोड़ की कार्रवाई जाती है। कार्रवाई होने पर प्लाट खरीदने वाला व्यक्ति खुद को ठगा सा महसूस करता है। आमजन किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें। कोई भी व्यक्ति प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे में जिला नगर योजनाकार कार्यालय में पूछताछ जरूर करें।

### नहाने के लिए नहर में उतरा किशोर डूबा, तलाश में जुटी पुलिस और फायर ब्रिगेड



**रेवाड़ी।** नाहड़ के कुहारड़ रोड पर शुक्रवार शाम नहर में नहाने उतरा एक किशोर पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड कर्मियों और गोताखोरों को मौके पर बुला लिया। देर शाम तक किशोर की तलाश नहीं हो सकी थी। हिसार के गांव सिंगराणा निवासी 15 वर्षीय पांडू अपने ननिहाल झज्जर के गांव बहू आया हुआ था। वह कुछ दिनों से अपने मामा के पास ही रहा था। शुक्रवार को वह अपने अक्कू व मुकेश के साथ भूगड़े बेचेने के लिए गांवों में टैंपो में बैठकर गया था। शाम के समय घर लौटते समय तीनों नहर में नहाने लगे। इसी दौरान पांडू पानी के तेज बहाव में बह गया। दोनों बच्चे नहर से बाहर आकर बचाव के लिए चिल्लाने लगे। इसी दौरान आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने पांडू की तलाश शुरू की, लेकिन वह बहते हुए दूर निकल गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने बाद में गोताखोर भी बुला लिए। देर रात तक किशोर की तलाश की जा रही थी, लेकिन वह नहीं मिला। अंधेरा होने के बाद रेक्यू में भी परेशानी आने लगी।

*आज से मौसम में बदलाव की संभावना, बादलों के बीच बूंदाबांदी के आसार*

# अब चैन की नींद में गर्मी का खलल, 25 डिग्री पहुंचा रात का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रात के समय तापमान में कमी के चलते चैन की नींद सोने का आनंद ले रहे लोगों की नींद उड़ाने के लिए गर्मी तैयार है। रात का तापमान पहली बार 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे वीरवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। दिन का तापमान वैस ही लोगों के पसीने छुड़ा रहा है। 25 अप्रैल से मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। आंशिक या घने बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। अभी तक रात का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही चल रहा था, जिससे रात के समय गर्मी का असर नहीं बढ़ा था। वीरवार की रात तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 25.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे यह रात सीजन की सबसे गर्म रात साबित हुई। बीते वर्ष की तुलना में रात का पारा 7.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। गत वर्ष 24 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप खिलने के कारण दोपहर तक गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गइं। अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन का तापमान भी शुक्रवार को सीजन में सबसे अधिक रहा, जिससे दोपहर बाद तक लोग गर्मी में पसीने से भीगते रहे। हवा में नमी का स्तर 16 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छा गए, जिससे बूदांबांदी की संभावना नजर आने लगी।


रेवाड़ी। शुक्रवार को लू से बचाव के साथ बावल रोड से गुजरता बाइक चालक।

### तापमान में गिरावट अगले सप्ताह

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार को आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ स्थानों पर छिटपुट बौछारें गिर सकती हैं। अगले तीन-चार दिनों तक मौसम परिवर्तनशील रह सकता है। अगर इस दौरान बारिश होती है, तो अगले सप्ताह तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। हवा में नमी बढ़ने की स्थिति में लोगों को तापमान में गिरावट के बावजूद उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### शराब पीने से व्यक्ति की पीजीआई में मौत

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र के एक व्यक्ति की शराब का अधिक सेवन करने से मौत हो गई। छुछकवास गांव निवासी मृतक के भाई रामधन ने कोसली पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि उनका 45 वर्षीय भाई कृष्ण शराब पीने का आदी था। अधिक शराब पीने से तबीयत खराब होने पर उसे पीजीआई रोहतक में दाखिल कराया गया, जहां वीरवार को उसकी मौत हो गई।

सूचना के बाद कोसली पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक के भाई ने भाई की मौत पर कोई संदेह नहीं जताया। पुलिस ने सामान्य कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।




# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गनः मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच'भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



## कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

## तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### बाइक पेड़ से टकराने से चालक गंभीर

**बावल।** शेखपुरा गांव के करीब मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के बाद एक बाइक पेड़ से टकरा गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बावल सीएचसी में दाखिल कराया गया है। राजस्थान के पंजीकृत नंबर की एक बाइक शेखपुरा की ओर जाते समय अचानक पेड़ से टकरा गई। बाइक चालक इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

### सीजेएम ने जाना कैदियों का हाल

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नीलम कुमारी ने शुक्रवार जिला जेल नारनौल का औचक दौरा किया। यह दौरा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान /"न्याय और सम्मान/" के उपलक्ष में था। इस अभियान का मूल उद्देश्य समाज के उन तबकों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है, जो जेल की दीवारों के पीछे अक्सर खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी किया घोषित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपित के पेश न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने आरोपित सुरेश महेंद्रगढ़ को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत नई प्राथमिकी भी दर्ज की है। अदालत में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता पेश हुए।

### डीसी ने ली समाधान शिविर की समीक्षा बैठक

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार स्थानीय लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को जन समस्याओं के निपटारे के प्रति और अधिक गंभीर रहने की हिदायत दी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा लोगों की शिकायतों का मौके पर ही उचित समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी पुराने मामले लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

*सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए ली नीट परीक्षा की समीक्षा बैठक*

# नीट परीक्षा की तैयारी: एंट्री द्वार पर रहेगी छाया की व्यवस्था, केंद्रों पर मुस्तैद रहेंगे बिजली कर्मी व एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

**परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रशासन करेगा पुख्ता प्रबंध**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी तीन मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट - यू जी 2026) को लेकर शुक्रवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने इस संबंध में अब तक किए गए प्रबंधों की सिलसिलेवार जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद उपायुक्त ने जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीट परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था इस तरह से दुरुस्त की जाए ताकि परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के आराम से अपने केंद्रों तक पहुंच सकें। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस की तैनाती की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि



नारनौल। मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करती डीसी अनुपमा अंजली।

परीक्षा केंद्रों पर बिजली, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही गर्मी के प्रभाव को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों पर एंट्री के दौरान परीक्षार्थियों के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें धूप में परेशान न होना पड़े। परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को पाबंद किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के समय सभी केंद्रों पर एक-एक बिजली कर्मी की तैनाती रहेगी जो किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत दुरुस्त करेगा। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगा और दोपहर 01:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, एडीसी तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### नीट परीक्षा की शुचिता के लिए धारा 163 लागू

**नारनौल।** जिला प्रशासन ने आगामी 3 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकल मुक्त संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस परीक्षा के मद्देनजर जिलाधीश अनुपमा अंजली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत कड़े निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार परीक्षा के दिन जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### परीक्षा शुचिता के लिए सख्त निर्देश

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिले की राजस्व सीमा में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों को भी परीक्षा के दिन बंद रखा जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर केवल अधिकृत नागरिकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी, जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र अनिवार्य है। इन आदेशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने पुलिस प्रशासन को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं ताकि परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

*कई वार्डों में प्रत्याशियों के नाम फाइनल, रेखा दहिया सहित कई प्रत्याशी करेंगे नामांकन*

# अंतिम क्षणों में बदली रणनीति,अब वार्डों में भी प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस

**आज लगभग सभी वार्डों में टिकट देकर पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन कराने की बनी रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नगर परिषद चुनाव में अकेले चेयरमैन प्रत्याशी को ही सिंबल पर चुनाव लड़ाने के फैसले को कांग्रेस ने नामांकन के अंतिम दिन से ठीक पहले बदल दिया है। अब पार्टी ने शहर के वार्डों में भी प्रत्याशियों को सिंबल पर चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया है। लगभग आधे वार्डों में नाम तय किए जा चुके हैं। शनिवार तक लगभग सभी वार्डों में टिकट देकर पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन कराने की योजना है। पार्टी की ओर से नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका में चेयरमैन पद का चुनाव हाथ के निशान पर लड़ाने का निर्णय लिया गया था। नगर परिषद चेयरमैन की टिकट शहरी जिलाध्यक्ष की पत्नी को दिए जाने के बाद टिकट के दावेदार कई कांग्रेसियों में पार्टी के प्रति असंतोष देखने को मिला। पूर्व चेयरमैन शकुंतला भगवाड़िया ने बगावत का झंडा बुलंद करते हुए चेयरमैन पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। चेयरमैन की टिकट



रेवाड़ी। कांग्रेस के एक कार्यक्रम प्रदेशाध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी।

फाइनल होने के बाद कई वार्डों में कांग्रेसी प्रत्याशी सिंबल पर चुनाव लड़ने के लिए वरिष्ठ नेताओं पर दबाव बना रहे थे।

### सिंबल दिलवाने की मांग



रेखा दहिया।

टिकट से वंचित रही जिला उपाध्यक्ष रेखा दहिया ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव से वार्ड का चुनाव लड़ने के लिए सिंबल दिलाने की मांग उठाई, तो कैप्टन ने शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करने के बाद रेखा दहिया को वार्ड नं. 28 से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का पत्र थमा दिया। रेखा दहिया ने टिकट मिलने के बाद पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व विधायक चिरंजीव राव व दोनों जिलाध्यक्षों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। आज कई वार्डों के प्रत्याशी होंगे फाइनलपार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा को वार्डों में भी सीधी टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने अंतिम क्षणों में चुनाव लड़ने के इच्छुक व जिताऊ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को टिकट देने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने स्थानीय नेताओं को निर्देश दिए हैं कि वह सभी वार्डों में मजबूत चेहरों को पार्टी का प्रत्याशी बनाएं। इसके बाद प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। निर्दलीय भी अब टिकट की फिराक मेंकांग्रेस की ओर से वार्डों के चुनाव भी सिंबल पर लड़ने के निर्णय के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में अंतिम दिन नामांकन करने वाले चेहरों ने अब कांग्रेस की टिकट के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार अधिकतर वार्डों में प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा चुकी है।

### रेवाड़ी व धारूहेड़ा के लिए नामांकन की अंतिम तिथि आज



रेवाड़ी। नामांकन दाखिल करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी।

**रेवाड़ी।** नगर परिषद रेवाड़ी, नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव व पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उपचुनाव 10 मई को कराएं जाएंगे। चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि शुक्रवार तक नगर परिषद रेवाड़ी चेयरपर्सन पद के लिए 5 और नगर पालिका धारूहेड़ा चेयरपर्सन पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने नामांकन जमा कराया है। वहीं नगर परिषद रेवाड़ी के अलग-अलग वार्डों से 123 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसी प्रकार नगर पालिका धारूहेड़ा के वार्डों से पार्षद पदों के लिए 58 प्रत्याशियों ने नामांकन दर्ज कराए हैं। वहीं पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए शुक्रवार तक 9 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। डीसी ने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी के लिए एडीसी राहुल मोदी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद रेवाड़ी में चेयरपर्सन पद के लिए उम्मीदवार लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर 202 में अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते है। वहीं रेवाड़ी नगर परिषद के वार्ड नंबर 1 से 11 के पार्षद पद के लिए नया मॉडल टाउन स्थित सेक्टर-1 ईओ एचएसवीपी कार्यालय, वार्ड नंबर 12 से 22 के पार्षद पद के लिए महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के कार्यालय, वार्ड नंबर 23 से 32 के पार्षद पद के लिए लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 113 में नामांकन दर्ज करा सकते है। नगर पालिका धारूहेड़ा के लिए एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका धारूहेड़ा में चेयरमैन व वार्ड नंबर 1 से 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार तहसील कार्यालय धारूहेड़ा में अपना नामांकन दर्ज कर सकते है।



रेवाड़ी। सुंदरकांड पाठ के समापन पर आरती करते हुए।

## मां बगलामुखी जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला चौधरीवाड़ा स्थित महात्मा शीतलदास सत्संग भवन में दो दिवसीय मां पीतांबरा बगलामुखी जन्मोत्सव एवं मां बगलामुखी प्रकटीकरण दिवस समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन और सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम में दिनभर चली श्रीराम धुन एवं हरिकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग भवन के महंत दुगार्दास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी नीरज गर्ग, नवीन भुराड़िया व रमेश अग्रवाल यजमान के रूप में शामिल हुए। वहीं बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। वीरवार रात्रि में पंचकुंडीय दिव्य महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। शुक्रवार सुबह मां बगलामुखी जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। मां बगलामुखी जन्मोत्सव पर आयोजित पंचकुंडीय हवन अनुष्ठान में शहर की अनेक महान विभूतियों ने आहुतियां दी।

## सीआईए ने 23.91 ग्राम स्मैक सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** सीआईए रेवाड़ी की टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23.91 ग्राम स्मैक बरामद की है। सीआईए इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गत 23 अप्रैल को सूचना के आधार पर पुराना रामलीला ग्राउंड के पास से नशीला पदार्थ बेचते हुए लोकेश निवासी मोहल्ला रामबास को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6.91 ग्राम स्मैक बरामद हुई। सीआईए टीम ने रामलीला ग्राउंड के गेट के पास से एक और नशा तस्कर सोनू निवासी मोहल्ला बाससिताबराय को काबू किया। सोनू के कब्जे से 17 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिला पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है। नशा बेचने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज इंस्पेक्टर सुमेर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि नशा सप्लायर का पता लग सकें।

## बिना सूचना के की गई खुदाई से भूमिगत गैस पाइप लाइनों से हादसे की आशंका: कुशवाहा



रेवाड़ी। जिमखाना क्लब में जानकारी देते आईजीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से गैस पाइपलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सुरक्षित खुदाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के जिमखाना क्लब में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न उपयोगिता विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बीएसएनएल, एयरटेल, पीएचईडी, डीएचबीवीएन तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही। इस दौरान डायल बिफोर डिग यानि खुदाई से पहले सूचना देने की पहल के महत्व पर जोर दिया गया। इस मौके पर चीफ जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह कुशवाहा व जनरल मैनेजर हिमांशु मित्तल सहित आईजीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इंद्रप्रस्थ के चीफ जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के की गई खुदाई से भूमिगत गैस पाइपलाइनों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे हादसे होने की आशंका रहती है। ऐसे में किसी भी प्रकार की खुदाई शुरू करने से पहले संबंधित विभाग को सूचित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित करने और डायल बिफोर डिग प्रणाली का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को गैस पाइपलाइन सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।



### जीएल महिला डिग्री कॉलेज में हुई फेयरवेल

**कनीना।** जीएल महिला डिग्री कॉलेज में फेयरवेल पार्टी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया, जिसे रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और लाइटिंग से आकर्षक रूप दिया गया था। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के लिए कई मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत, नाटक और फैशन शो शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सुभाष लोढा ने दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## आरपीएस में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सिविल, इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पांचवें व सातवें सेमेस्टर के टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा गेट परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्थान निदेशक डॉ. महेश कुमार यादव रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। डीन अकादमिक प्रो. आरएस यादव, सीईओ मनीष राव तथा रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने भी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग रोहित यादव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष पूनम यादव तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष दिनेश यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धियों को सभी के साथ साझा किया गया।

## सिंघानिया विवि सीयूइटी यूजी में शामिल

**नारनौल।** पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीयूइटी यूजी 2026 में स्वयं को शामिल कर लिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया को राष्ट्रीय स्तर का एक मजबूत मंच प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश अब सीयूइटी के माध्यम से भी किया जा सकता है। सीयूइटी जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित किया जाता है, देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए एक साझा और पारदर्शी प्रणाली प्रदान करता है। इस परीक्षा के माध्यम से छात्र एक ही स्कोर के आधार पर कई विश्वविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं से राहत मिलती है। सिंघानिया विश्वविद्यालय द्वारा सीयूइटी के अंतर्गत बीएससी व बीटेक सहित विभिन्न स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विषय संयोजन एवं पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को अपने रुचि एवं योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि सीयूइटी में शामिल होने से प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, मेरिट आधारित एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनेगी। साथ ही, ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा।



नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय। *फोटो : हरिभूमि*



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद खेल मंत्री व अन्य पदाधिकारी।

## विपक्षी दलों के दो नेताओं ने थामा भाजपा का दामन, किया स्वागत

**रेवाड़ी।** नगर परिषद चुनाव की सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी खेमे में सेंध लगाते हुए अपने कुनबे में विस्तार किया है। शुक्रवार को विपक्षी दलों के कई नेताओं ने पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया। बहुजन समाज पार्टी की विधायक प्रत्याशी रही एडवोकेट ललिता और जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव जितेन अग्रवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। खेल मंत्री गौरव गौतम और जिला अध्यक्ष डा. वंदना ने नए सदस्यों को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों का जुड़ाव इस बात का प्रमाण है कि जनता का विश्वास भाजपा की नीतियों में निरंतर बढ़ रहा है। भाजपा जिला अध्यक्षा ने कहा की जिले की जनता का भरोसा सिर्फ भाजपा पर है और आने वाले चुनाव में एक बार फिर जनता भाजपा के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगाएगी। इस अवसर पर विनीता पीपल, महामंत्री हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान व नितेश अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*तेज दुर्गंध से ग्रामीण परेशान, बीमारी का डर, जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग*

# सिहमा नहर किनारे मरी मुर्गियां फेंकने से फैली बदबू, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

सिहमा गांव के पास नारनौल ब्रांच नहर की पगडंडी पर अज्ञात लोगों द्वारा सैकड़ों की संख्या में मरी हुई मुर्गियां फेंकने का मामला सामने आया है। यह मुर्गियां खामपुरा की ओर जाने वाले रास्ते पर बीती रात्रि कै डाली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैल गई है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह पगडंडी खेतों में जाने का मुख्य मार्ग है जहां से किसान, मजदूर और अन्य लोग रोजाना गुजरते हैं। सुबह जब लोग खेतों की ओर गए तो रास्ते पर बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियां



मंडी अटेली। सिहमा नहर किनारे पड़ी मरी हुई मुर्गियां। *फोटो : हरिभूमि*

पड़ी मिलीं, जिन्हें देखकर सभी हैरान रह गए। तेज बदबू के कारण वहां रुकना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या दिनभर और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि धूप में सड़न बढ़ने से दुर्गंध कई गुना बढ़ जाती है। इस घटना से न केवल लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी पैदा हो गए हैं। सड़ती हुई मुर्गियों से फैलने वाली बदबू बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के खेतों में काम करना भी मुश्किल हो गया है और बच्चों व बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक है। ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया है और इसे बेहद गैर–जिम्मेदाराना कृत्य बताया है।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीण सत्यप्रकाश, संदीप, प्रवीण, समल सिंह, राजवीर, कंवर सिंह ने बताया कि सिहमा क्षेत्र के आसपास करीब 10 मुर्गी फार्म संचालित हो रहे हैं ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं में से किसी फार्म से मरी हुई मुर्गियों को लाकर इस तरह खुले में फेंका जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इन फार्मों की जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि बार-बार हो रही इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

### पहले भी हो चुकी घटना

वर्ष 2024 में 29 जुलाई को सिहमा के श्मशान घाट में अज्ञात लोगों द्वारा मरी हुई मुर्गियां डालने पर ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत दी थी। वहीं पिछले वर्ष 10 अप्रैल इसी नहर के अंदर एनबी पंप हाउस चार के समीप रात्रि के समय कोई अज्ञात लोगों द्वारा तीन से चार कट्टे डाल गया। उस समय मरी हुई मुर्गियों को नहर विभाग के जेई ने जेसीबी की सहायता से नहर से निकलकर मिट्टी में दबा दिया था।

## डीसी ने नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# जिले में तीन मई को 11 केंद्रों पर 3788 परीक्षार्थी देंगे नीट की परीक्षा

**परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी व जैमर रहेंगे एक्टिव, परीक्षा केंद्रों पर स्मार्ट वॉच, इयरफोन और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर पाबंदी रहेगी**


रेवाड़ी। नीट परीक्षा के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 3 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानि नीट-यूजी को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार हो गया है। परीक्षा के लिए जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिले के इन परीक्षा केंद्रों पर 3788 परीक्षार्थी नीट की परीक्षा देंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने आगामी 3 मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित संचालन को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

इससे पहले नीट परीक्षा के आयोजन को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबंधित जिलों के डीसी व अन्य अधिकारियों को वीसी के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी मीणा ने कहा कि परीक्षा को लेकर निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ-साथ कंट्रोल रूम, हेल्पडेस्क और आपातकालीन व्यवस्थाओं को सक्रिय रखे ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सकें।

### परीक्षा केंदों पर समय रहते करें व्यवस्था

डीसी ने परीक्षा केंद्रों की तैयारी, केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती और केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छ शौचालय व बैठने की उचित व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा की गोपनीयता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़ी किसी भी तरह की अफवाहों पर भी नजर रखी जाए।

### केन्द्रों के आसपास फोटो स्टेट दुकानें रहेंगी बंद

जिले में आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इन परीक्षा केंद्रों पर 3788 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 11 बजे शुरू होगा और दोपहर 1:30 बजे गेट बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। परीक्षा के समय आसपास के साइबर कैफे व फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी व जैमर एक्टिव रहेंगे। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर स्मार्ट वॉच, इयरफोन और अन्य इलेक्ट्रिानिक उपकरण ले जाने पर पाबंदी रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक हाजरी के बाद परीक्षार्थी को एंट्री दी जाएगी। बैठक में एसपी हेमेंद्र मीणा, सीटीएम जितेंद्र कुमार व जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभवः डा. युद्धवीर

- राजकीय पॉलिटेक्निक लिसाना में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। राजकीय पॉलिटेक्निक में योग शिविर के समापन पर सम्मानित करते हुए।

राजकीय पॉलिटेक्निक लिसाना में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर राजपाल यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में योगासन खेल संघ हरियाणा के राज्य सचिव डा. युद्धवीर आर्य ने शिरकत की। योग शिविर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य के नेतृत्व में पतंजलि परिवार के पांचों संगठनों के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्य सचिव डा. आर्य योग साधकों को योगिंग-जॉगिंग और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का व्यावहारिक अभ्यास कराया तथा उनके लाभों की जानकारी दी। वरिष्ठ योग शिक्षक एवं तहसील प्रभारी कैप्टन राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा दैनिक जीवन में संतुलित आहार और शुद्ध व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। मेजर राजपाल यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक संतुलन का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में मुकेश कुमार जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, राज सिंह जिला प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति, दयानंद आर्य तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति कोसली, डा. रोहतास आर्य तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान पाल्हावास, पुरुषोत्तम शर्मा व योग शिक्षक अनिल कुमार सहित संस्थान से चरण सिंह, रविकांत, जितेंद्र तोमर, नरेंद्र सिंह व जगदीप सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

## छात्रा ज्योति ने जेईई मेन्स में लहराया सफलता का परचम



**कोसली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल की सुपर-100 की छात्रा ज्योति पुत्री कृपाल सिंह ने आईआईटी-जेईई मेन्स परीक्षा में 98.29 परसेंटाइल हासिल कर गांव, स्कूल, परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि छात्रा की उपलब्धि न केवल रतनथल बल्कि सभी सरकारी विद्यालयों के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्राचार्य ने बताया कि मार्च 2024 में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में ज्योति ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। साथ ही सुपर-100 में अपना स्थान सुनिश्चित किया। छात्रा ने सरकारी खर्च पर सुपर-100 कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र में रहकर पढ़ाई की तथा हरियाणा सुपर-100 में 12वां तथा ऑल इंडिया कैटिगरी रैंक 803 प्राप्त करके सरकारी स्कूल रतनथल का नाम रोशन किया। ज्योति की मां सविता सरकारी स्कूल रतनथल में मिड-डेमील कार्यकर्ता है तथा पिता कृपाल सिंह की बीमारी की वजह से असमय मृत्यु हो चुकी है।



## सब हेल्थ सेंटर की मंजूरी मिलने पर विधायक का जताया आभार

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के कार्यकाल में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कार्यों में पूरा सहयोग दे रहे हैं। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को कोसली अनाजमंडी स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव व ग्रामवासियों ने गांव नठेड़ा में सब हेल्थ सेंटर मंजूर होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार इलाके का समुचित विकास कराने में जुटी हुई है। विधायक अनिल यादव ने कहा कि गांव नठेड़ा में 56 लाख 65 हजार की राशि खर्च कर सब हेल्थ सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम पंचायत ने इसके लिए भूमि प्रदान कर दी है। सब हेल्थ सेंटर की स्थापना होने से नठेड़ा और आसपास के लोगों को अपने घर के नजदीक ही स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन कपिल, जीवन हितैषी, अनिल कुमार, सरपंच मनोज कुमार, रामकिशन जांगड़ा, श्याम सिंह, कैप्टन महेंद्र सिंह, संजय राव, रणबीर सिंह, जोगेंद्र, लाजपत राय, देवराज सिंह, प्रमोद शास्त्री, नरेश कुमार, भागमल मिस्त्री, दीपक यादव व मनिंदर यादव मौजूद थे।

## आरकेसी ग्रुप के विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव बोहतवास अहीर स्थित आरकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित जेईई मेन्स परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के विद्यार्थी पलकिन और मोनू ने परीक्षा में 97.94 परसेंटाइल प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अलावा अश्विनी ने 97.8, चहित ने 97.68, साहिल ने 95.29, रक्षित ने 95.25, रोहित यादव ने 94.81, कार्तिक ने 94.28, मनीष ने 94.03, रिया ने 93.92, गर्वित ने 93.76, सिद्धार्थ ने 92.13, सोनाक्षी ने 91.90, हर्ष ने 91.4, गजेन्द्र ने 90.63 और वर्तिका ने 90 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से विद्यालय व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चेयरमैन देवेंद्र यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।





## बिजली पेंशनर्स ने लंबित मांगों पर किया विचार-विमर्श

**रेवाड़ी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला यूनिट की मासिक बैठक हरिओम अग्रसेन संस्था परिसर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता एमके शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र रोहिल्ला ने किया। इस मौके पर केंद्रीय परिषद सदस्य बीडी यादव, राजेंद्र शर्मा, प्रभु दयाल सचिव, विजय डाबला, हरिओम व जागेराम ने अपने विचार रखे। बैठक में बिजली पेंशनर्स ने आठवें वेतन आयोग में मिलने वाले लाभों से पेंशनर्स को वंचित करने पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। पेंशनर्स का लंबे समय से चली आ रही मांगों पर भी रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार 3 साल से कैशलेश मेडकिल का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने नोशनल इंक्रीमेंट, 65, 70 व 75 वर्ष पूरा होने पर 15 प्रतिशत अलग से पेंशन देने, एलटीसी सुविधा पुरानी नीती अनुसार देन तथा हर तीन महीने में पेंशनर्स की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मीटिंग कराने की मांग की। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, सूरत सिंह, मलखान सिंह, शेर सिंह, हरगोविंद, संतराम, राम कुमार सैनी, जसवंत सिंह, बाबूलाल, श्याम सुंदर, ओमप्रकाश सोलंकी व महेंद्र कुमार सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

## छात्र महापंचायत 27 को हिसार में रेवाड़ी से जजपा कार्यकर्ता होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जननायक जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार का बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव ने की। बैठक में हिसार पुलिस और जीजेयू प्रशासन की ओर से जजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और छात्रों के साथ की गई बदसलूकी व एफआईआर दर्ज करने पर रोष जताया गया। इस मौके पर अभिमन्यु राव ने कहा कि मामले के विरोध में पार्टी हाईकमान ने निर्णय लिया गया हैं कि आगामी 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में छात्रों के हित में छात्र महापंचायत का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें रेवाड़ी से जजपा और इनसो के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर भीम सिंह, मीरा देवी, विपिन यादव, संदीप खोरी, सुमन शर्मा, उपेंद्र, ज्योति सांगवान, सनी ततारपुर, कमलेश डाबला, कमलेश देवी, नरेश यादव, मंगल रोहड़ाई, योगेश, आजाद पटेल, जस्सू सांगवान, मौनी खोरी व संदीप मौजूद थे।



## वाद-विवाद प्रतियोगिता में मनोज, वैष्णवी और विनीता बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय आधुनिक समाज में एकल जीवन वरदान या अभिशाप रखा गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने तार्किक, विश्लेषणात्मक एवं अभिव्यक्तिपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने एकल जीवन के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने इसे स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता एवं व्यक्तिगत विकास का अवसर बताया, वहीं अन्य प्रतिभागियों ने इसे सामाजिक अलगाव, भावनात्मक दूरी एवं पारिवारिक मूल्यों में कमी के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. ऋतु बजाज ने कहा कि वाद-विवाद, समूह चर्चा एवं भाषण जैसी गतिविधियां एमबीए पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा हैं, जो विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, आत्मविश्वास एवं संप्रेषण कौशल का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को समसामयिक मुद्दों पर अपनी सोच विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। एमबीए प्रथम वर्ष के कक्षा समन्वयक डा. सुशांत यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 40 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को फोर दा मोशन एवं अगेस्ट दा मोशन दो वर्गों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र मनोज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय और विनीता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

विजेताओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग से प्रो. समृद्धि, डा. भारती, डा. जसविंदर सिंह, डा. देवेश अग्रवाल, डा. सुरेंद्र कुमार और डा. कंवर सिंह उपस्थित थे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- मायका पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के गांव जाहिदपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका ने करीब एक वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। महिला का तीन माह का बेटा भी है। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता मनोज ने कोसली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक वर्ष पूर्व उनकी बेटी कीर्ति घर से लापता हो गई थी और बाद में उसने जाहिदपुर निवासी दीपक के साथ प्रेम विवाह कर लिया था तथा इसी वर्ष जनवरी माह में उसने बेटे को जन्म दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, विवाह के बाद से ही कीर्ति को ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि बेटे के जन्म के बाद भी दहेज की मांग जारी रही और छूछक में दहेज देने का दबाव बनाया गया। कीर्ति ने कई बार फोन कर अपने परिजनों को मारपीट और प्रताड़ना की जानकारी दी थी। गत वीरवार को परिजनों को सूचना मिली कि कीर्ति की अचानक मौत हो गई है।

मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसकी हत्या की है। मृतका के पिता ने पति दीपक, जेठ गौरव, दादी विधा, चाची करिश्मा, ससुर अजीत और सास अनिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**संज्ञान** वायरल वीडियो पर पुलिस ने किया खुलासा

# मानसिक तनाव में किया था युवती ने 'ड्रामा'

- वीडियो में लड़की के अपहरण की आशंका जताई गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक युवती के आपत्तिजनक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने खुलासा किया कि मानसिक तनाव का सामना कर रही युवती ने आवेश में आकर खुद अपने कपड़े उतारे थे। युवक उसने अपनी शर्ट पहनाने की प्रयास करने लगे, तो उसने उनके कपड़े भी फाड़ दिए थे। इसके बाद किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिसमें युवती से मारपीट करते हुए अपहरण की आशंका जताई थी।

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने शुक्रवार को मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो पर कुछ दिनों से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक लड़की नग्नावस्था में है। उसके पास दो युवक भी खड़े हुए हैं, जो उसे जमीन से उठाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो में लड़की के अपहरण की आशंका जताई गई थी।

पुलिस ने इस पर संज्ञान लेते हुए युवती का पता लगा लिया। वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और शहर में अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रह रही है। घटना वाले दिन युवती, लिव-इन पार्टनर और उसका दोस्त गाड़ी से कहीं जा रहे थे। जाटूसाना थाना क्षेत्र में उनकी कार में कुछ तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद मानसिक परेशानी के चलते युवती की उसके मंगेतर व उसके दोस्त के साथ कहासुनी हो गई थी। युवती की मां और स्वयं युवती ने स्वीकार किया कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान है। इसी तनाव के चलते उसने आवेश में आकर ऐसी हरकत की।

### पुलिस ने करवाया युवती का मेडिकल चेकअप

युवती का मेडिकल परीक्षण करवाया गया और लीगल एड के सामने उसके बयान दर्ज किए गए। युवती ने स्पष्ट किया है कि उसके साथ कोई गलत हरकत या अपहरण नहीं हुआ था। डीएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अपहरण और मारपीट के आरोप निराधार हैं। उन युवकों ने युवती की स्थिति को संभालते हुए उसे सुरक्षित घर पहुंचाया था। सोशल मीडिया पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, पुलिस जांच में उनमें कोई सच्चाई नहीं पाई गई है। यह एक पारिवारिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा मामला था जिसे गलत तरीके से पेश किया गया।


डीएसपी सुरेन्द्र श्योराण।

## डाइट में पांच दिवसीय कार्यशाला 27 से, पांच खंडों के 150 से अधिक शिक्षक लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में डाइट हुसैनपुर में 27 अप्रैल से 1 मई तक 'शिक्षा में नाटक कला' विषय पर शिक्षकों की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला संसाधन व्यक्ति एवं कल्चरल एंबेसडर सीसीआरटी अनिल यादव ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया के नेतृत्व में किया जाएगा, जिसमें जिले के पांचों खंडों के 150 से 175 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यशाला में शिक्षा में नाटक कला के महत्व पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण विधियों के साथ पारंपरिक ज्ञान का संगम, बहुविषयक दृष्टिकोण के माध्यम से समग्र सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और विविधता को बढ़ावा देना या विकसित करना, अनुभवात्मक अधिगम तकनीक का अनुप्रयोग, प्रभावी कार्यान्वन के लिए शिक्षा का सशक्तिकरण विषय प्रमुख होंगे। कार्यशाला में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नाटक कला के समावेश से विषय को रोचक बनाकर छात्रों को पढ़ाने के विषय पर नाटक कला के विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

## पुलिस ने घर से लापता मंदबुद्धि युवक को परिजनों से मिलाया



**रेवाड़ी।** रामपुरा थाने की ईआरवी-577 की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए वीरवार रात्रि खोरी बस स्टैंड के पास लावारिस हालत में घूम रहे एक 19 वर्षीय मंदबुद्धि युवक को उसके परिजनों की तलाश कर सकुशल उनके हवाले किया। युवक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। रामपुरा थाना प्रभारी पीएसआई संजय कुमार ने बताया कि गत 23 अप्रैल की रात को खोरी बस स्टैंड के पास एक युवक लावारिस हालत में घूम रहा था। पुलिस ने युवक से उसके परिवार के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि युवक यूपी के जिला अलीगढ़ के शाहजमाल का रहने वाला है, जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया तो उसके भाई ने बताया कि गत 19 अप्रैल को उसका भाई घर से बिना बताए कहीं चला गया था, जिसकी वे लगातार तलाश कर रहे थे तथा उसकी गुमशुदगी को लेकर यूपी के थाना शेरावर में अभियोग भी दर्ज किया गया था। पुलिस ने युवक को सकुशल परिजनों को सौंप दिया है।